(1)

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY

(Established under Act 23, 2005)
University Road, Behind Transport Nagar, Haldwani (Nainital)-263139 Uttarakhand
Phone No.-05946-261122 **Website:** www.uou.ac.in, **E-mail:** info@uou.ac.in

**Employment Notice No. UOU/R3/005/2018, dated 31 October, 2018**

## Walk in Interview for Academic Consultants

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में कतिपय पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु अकादमिक परामर्शदाताओं का छः माह से अनधिक अवधि के लिए निश्चित मासिक मानदेय के आधार पर वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से अल्पकालिक नियोजन किया जाना प्रस्तावित है। यह नियोजन पूर्णतया अल्पकालिक है।

नियोजन हेतु विषयवार अकादमिक परामर्शदाताओं की संख्या एवं वॉक–इन–इन्टरव्यू की तिथियां निम्नवत् प्रस्तावित हैं–

| क्र0 सं0 | पाठ्यक्रम / विषय का नाम | वांछित अकादमिक परामर्शदाताओं की संख्या | वॉक–इन–इन्टरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | उर्दू | 02 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 2. | संगीत | 02 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 3. | वनस्पति विज्ञान | 02 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 4. | रसायन विज्ञान | 01 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 5. | भौतिकी | 02 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 6. | समाज कार्य | 02 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 7. | अर्थशास्त्र | 02 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 8. | हिन्दी | 01 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 9. | इतिहास | 01 | 13.11.2018 (मंगलवार) |
| 10. | प्राणि विज्ञान | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 11. | योग | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 12. | एल0एल0एम0 | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 13. | गृह विज्ञान | 01 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 14. | गणित | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 15. | राजनीति विज्ञान | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 16. | लोक प्रशासन | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 17. | लाइब्रेरी साइंस एवं सूचना विज्ञान | 03 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 18. | अंग्रेजी | 01 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 19. | भूगोल | 01 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 20. | ज्योतिष | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 21. | संस्कृत | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 22. | मनोविज्ञान | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| 23. | पर्यावरण विज्ञान | 02 | 14.11.2018 (बुधवार) |
| | **कुल योग** | **41** | |

❖ **<u>मानदेय–</u>** रू0 23,000/– से रू0 28,000 तक

❖ **<u>नियोजन हेतु अर्हताएं–</u>**

**क. अनिवार्य अर्हता– पी–एच0डी0/नैट/सैट (उत्तराखण्ड) कर चुके अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु अर्ह होंगे।**

<u>अकादमिक परामर्शदाताओं की शैक्षिक अर्हताएं एवं धारित शैक्षिक उपलब्धियों के लिए अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा–</u>

**ख. शैक्षिक अर्हता (शैक्षिक उपलब्धियों के लिए 55 अंक सम्बन्धित नीति निर्धारण समिति के कार्यवृत्त दिनांक 31.05.2018 के अनुसार निर्धारित है।)**

1. स्नातक स्तर (न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक)
2. परा स्नातक स्तर (न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक (नियमानुसार आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को 05 प्रतिशत छूट अनुमन्य)
3. (i) नैट/स्लैट/पी–एच0डी0

   **अथवा**

   (ii) नैट/स्लैट तथा एम.फिल.

   **अथवा**

   (iii) नैट/स्लैट तथा पी–एच0डी0 अथवा नैट/स्लैट + एम0फिल0 तथा पी–एच0डी0

**ग. शोध पत्रिका (जर्नल्स) में प्रकाशित शोध लेख/पुस्तक*/पुस्तक में पाठ*/स्वअनुदेशनात्मक अधिगम सामग्री* (SILM) में इकाई लेखन/संबंधित विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य शासकीय वेबसाइट पर अपलोड किए गए न्यूनतम 15 मिनट की अवधि के वीडियो लेक्चर अथवा MOOCs** **(25 अंक)**

**घ. मुक्त विश्वविद्यालय/पारम्परिक विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में शिक्षक के रूप में कार्यानुभव#** **(10 अंक)**

**ड. साक्षात्कार ।** **(10 अंक)**

**(कुल योग 100 अंक)**

**<u>विशेष नोटः–</u>**

*उन्हीं शोध–पत्रों को सम्मिलित किया जायेगा जो प्रकाशित हो तथा जिस जर्नल में प्रकाशित हों, उस जर्नल का ISBN / ISSN भी होना चाहिए।) प्रत्येक प्रकाशित शोध–पत्र के लिए 05 अंक प्रदान किये जायेंगे।

प्रकाशित शोध–पत्रों/पुस्तकों इत्यादि में संयुक्त लेखन होने पर यू0जी0सी0 के नियमानुसार ही अंकों का विभाजन किया जायेगा।

*प्रति पुस्तक अधिकतम 10 अंक/पुस्तक में पाठ अथवा SILM की इकाई के लिए प्रति पाठ/इकाई 05 अंक गणना का आधार होंगे/इसी प्रकार प्रति वीडियो लैक्चर/MOOCs के लिए 05 अंक प्रदान किए जायेंगे।)

#अनुभव के प्रत्येक वर्ष के लिए 2.5 अंक प्रदान किए जायेंगे किन्तु इस हेतु 06 माह व अधिक के अनुभव को ही एक वर्ष माना जायेगा।

अभ्यर्थी आवेदन से पूर्व यह निर्धारित कर लें कि वे वॉक–इन–इन्टरव्यू की तिथि तक विज्ञापन में में वर्णित अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों। अर्हताओं की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्णतया अभ्यर्थी की होगी।

❖ **आवेदन हेतु निर्धारित शुल्कः–**

वॉक–इन–इन्टरव्यू में सम्मिलित होने वाले पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के लेखा अनुभाग में आवेदन–शुल्क रू0 200/– जमा कर प्राप्ति रसीद की एक प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करेंगे। आवेदन शुल्क जमा करने के उपरान्त किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

❖ **राष्ट्रीयताः–**

आवेदनकर्ता भारत का नागरिक हो।

❖ **चरित्रः–**

अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सेवायोजन के लिए सर्वथा उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस विषय में स्वयं समाधान कर लेगा।

❖ **वैवाहिक प्रास्थितिः–**

पुरूष, जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हों अथवा ऐसी महिला जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही जीवित पत्नी हो, सेवा में किसी नियोजन के पात्र नहीं होंगे।

परन्तु, यदि सरकार का समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से मुक्त कर सकेगी।

❖ **शारीरिक योग्यताः–**

किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियोजित नहीं किया जायेगा, यदि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त नहीं है जिसके कारण उसे अपने कर्तव्यों के दक्षतापूर्वक निर्वहन में हस्तक्षेप की सम्भावना हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस विषय में स्वयं समाधान कर लेगा।

❖ आवेदक निर्धारित आवेदन प्रारूप में अपने विवरण को अंकित कर शैक्षिक अभिलेखों एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां तथा मूल अभिलेख सत्यापन हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

❖ वॉक–इन–इन्टरव्यू पूर्व आवेदन पत्र/प्रमाण–पत्रों इत्यादि की सन्निरीक्षा के दौरान यदि अभ्यर्थी के अर्हता के संबंध में प्रस्तुत दावों में कोई कमी या असत्यता पायी जाती है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा तथा उसे वॉक–इन–इन्टरव्यू में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

❖ यदि अभ्यर्थी द्वारा अपने अभ्यर्थन के संबंध में गलत सूचना अथवा अभिलेख प्रस्तुत किये जाने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित समस्त नियोजनों से प्रतिवारित किया जा सकता है।

- वॉक–इन–इनटरव्यू उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे, हल्द्वानी (नैनीताल) में उक्त प्रस्तावित तिथियों को प्रातः 11:00 बजे से प्रारम्भ होंगे। इस हेतु पंजीकरण का समय वॉक–इन–इन्टरव्यू की तिथि में 10:00 बजे से 12:00 बजे तक समय निर्धारित है। निर्धारित समय के पश्चात्, पंजीकरण नहीं किया जायेगा।
- साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये जाने व साक्षात्कार किये जाने का आशय अन्तिम चयन नहीं माना जायेगा।
- किसी भी विषय में नियोजन हेतु बुलावा पत्र प्रेषण का अधिकार विश्वविद्यालय के पास निहित होगा।
- वॉक–इन–इनटरव्यू हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

**नोटः** नियोजन हेतु प्रस्तावित अकादमिक परामर्शदाताओं की संख्या घट–बढ़ सकती है।

**कुलसचिव**
**उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,**
**हल्द्वानी (नैनीताल)।**